
धर्म

प्रातःकाल घाटों पर उमड़ी भीड़

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा हुआ महापर्व





**जबलपुर, नवभारत।** चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ का मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हुआ। व्रती महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा। मंगलवार सुबह महिलाओं ने जल में डुबकी लगाकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया और संतान की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर आज छठ महापर्व खत्म हुआ। छठ पूजा हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो सूर्यदेव और छठी मैया को समर्पित है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, और मंगलवार को छठ पूजा का अंतिम दिन था जिसे ऊषा अर्घ्य कहते हैं। इस दिन व्रती महिलाएं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। हालांकि, इस दिन की खास रौनक ग्वारीघाट, तिलवारा घाट, भटौली घाट, रांझी, हनुमानताल के साथ-साथ बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित नेपाल में भी दिखाई दी। शहर के प्रमुख घाटों को दीपों और फूलों से सजा कर छठी मैया के लोकगीत गाए गए। धार्मिक ग्रंथों में छठ को अनुशासन, पवित्रता तथा आत्मसंयम का प्रतीक माना गया है।

## लोक आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम



यूपी बिहार एकता मंच द्वारा तिलवारा घाट पर 27-28 अक्टूबर को छठ महापर्व भव्य रूप से संपन्न हुआ। महापर्व में डूबते और उगते सूर्य की महाआरती, कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक झांकियाँ, मार्मिक राम-कथा आधारित प्रस्तुति और विशाल भंडारा शामिल थे। महामंत्री रघु तिवारी ने कहा कि यह आयोजन लोक आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम रहा।

## सामाजिक समरसता का संदेश दे गया छठ महापर्व




चार दिवसीय महापर्व छठ का मंगलवार को समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने कमर तक पानी में उतरकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। घाटों पर प्रसाद वितरण का दौर दिनभर चलता रहा। अधारताल तालाब, तिलवारा और गौरीघाट में सुबह व सूर्यास्त के समय महाआरती की गई। श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, दूध और प्रसाद की व्यवस्था की गई। गौरी घाट में भोजपुरी कलाकारों का सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण और तिलवारा घाट में श्री राम-सीता की सजीव झांकी भी दिखाई गई। उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ के संयोजक डॉ. राजेश जायसवाल ने बताया कि छठ पूजा जाति, धर्म और प्रांत की परवाह किए बिना सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का संदेश देती है। जबलपुर में 18 प्रमुख घाटों पर लगभग एक लाख श्रद्धालु शामिल हुए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, निगमायुक्त राम प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और एसडीआरएफ की सक्रियता से व्यवस्था सुचारू रही। उत्तर प्रदेश बिहार महासंघ के संरक्षक जीपी विश्वकर्मा, आलोक सिंह, शिवजी सिंह, संयोजक डॉ राजेश जायसवाल, अध्यक्ष बनारसी यादव, महामंत्री राजीवलाल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष केएन सिंह यादव, युवा अध्यक्ष प्रोफेसर उज्जवल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव सिंह, एमएस सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, महिला मंडल की संरक्षक श्रीमती गीता शरद तिवारी, डॉ कल्पना मिश्रा, श्रीमती सुनयना जायसवाल, अध्यक्ष श्रीमती प्रीति त्रिपाठी महामंत्री श्रीमती अनु सिंह कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया सिंह, उपाध्यक्ष बृज किशोर सिंह बिहारी,

## इनका कहना है



चार दिवसीय छठ महापर्व का अंतिम दिन त्याग, श्रद्धा और समर्पण से जुड़ा हुआ है। छठ पूजा के अंतिम दिन ऊषा अर्घ्य पर शहर के घाटों में भारी भीड़ उमड़ी थी।

**सीमा सिंह**



छठ पर्व हम सभी के रिश्तों में प्रेम को बढ़ाता है। छठी मैया के आने का इंतजार पूरे साल रहता है।

**नेहा सिंह**

## श्रद्धालुओं ने निभाई परंपरा



छठ पूजा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा नदी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते नजर आए। यह पर्व जल, सूर्य, प्रकृति और परंपरा के प्रति आस्था का प्रतीक है।जबलपुर में कई स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन किया गया। व्रती विमला देवी ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से यह व्रत करती आ रही हैं। परिवार के सदस्य ओमप्रकाश, डॉ. आशीष कुमार यादव, श्वेता और छाया आदि इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विश्व स्ट्रोक दिवस विशेष

# समय पर पहचान और इलाज ही बचा सकता है जान

▶ शहर के न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सकों ने साझा की महत्वपूर्ण जानकारी

**अमन पटेल**

**नवभारत,जबलपुर।** स्ट्रोक जिसे मस्तिष्काघात भी कहा जाता है, जो अचानक होता है और समय रहते इलाज न मिलने पर स्थायी नुकसान या जान का जोखिम बढ़ा सकता है। आज विश्व स्ट्रोक दिवस के मौके पर जबलपुर में डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने स्ट्रोक के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार की अहमियत को रेखांकित किया। चिकित्सकों ने बताया कि स्ट्रोक एक ऐसी बीमारी है जो कि अचानक से किसी को भी हो सकती है, जिसके लिए अगर उन्हें 4:30 घंटे के अंदर इलाज नहीं मिलता तो इसका खतरा अधिक बढ़ जाता है, डॉक्टर ने यह भी बताया कि शुरू के 4:30 घंटे काफी अहम होते है, जिसमें एनटीपीए नाम से एक इंजेक्शन आता है, जो समय पर मरीज को लग जाए तो स्ट्रोक का खतरा काफी कम हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्ट्रोक को रोकना और समय पर पहचान करना जीवन बचाने का सबसे बड़ा उपाय है। विश्व स्ट्रोक दिवस केवल एक दिन की याद नहीं, बल्कि पूरे वर्ष सतर्क रहने और अपने आसपास के लोगों को सचेत करने का संदेश देता है।



## दो प्रकार के होते हैं स्ट्रोक

डॉ. अनुपम साहनी न्यूरोलॉजिस्ट, ने नवभारत से बताया कि लकवा या जिसे हम ब्रेन हैमरेज बोलते हैं वह वह 2 प्रकार के होते है, एक हेमोरेजिक स्ट्रोक जो 20- 25 प्रतिशत लोगों को होता है, जो खून की नस फट जाने से होता है। ये खास तौर पर हाई ब्लड प्रेशर, सर में चोट लगने के कारण हो सकता है। वहीं दूसरा इस्केमिक स्ट्रोक लगभग 75 प्रतिशत लोगों को होता है। इस्केमिक स्ट्रोक खून की नली चोक हो जाना या रक्त का धब्बा जम जाने से होता है। मुख्यतः यह अधिक उम्र के लोगों या जिनको डायबिटीज हो उनको होने की संभावना बनी रहती है।



## ब्रेन के सेल होने लगते हैं खत्म

विशेषज्ञ ने बताया कि स्ट्रोक होने पर मिलियन ऑफ न्यूरॉन्स ( ब्रेन के सेल) धीरे-धीरे खत्म होते जाते हैं, जिसके चलते मरीज को खतरा भी बढ़ता जाता है और उसे स्ट्रोक हो सकता है। स्ट्रोक के शुरुआती संकेतों में चेहरे का झुकना, हाथ या पैर में कमजोरी, अचानक बोलने या समझने में कठिनाई शामिल हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

## मां को ढाई घंटे में किया था कवर

डॉ अनुपम साहनी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी मां के. के. साहनी भी डॉक्टर हैं, उन्हें भी स्ट्रोक की शिकायत हुई थी। जिसमें उन्होंने अस्पताल पहुंचकर लगभग 2 घंटे के अंदर इलाज करवाया, जिससे स्ट्रोक का खतरा पूरी तरह से कम हो गया था। उन्होंने बताया कि जैसे ही उनकी मां को स्ट्रोक की शिकायत समझ में आई तो उन्होंने तुरंत ही अस्पताल ले जाकर इलाज शुरू किया और लगभग ढाई घंटे के अंदर उन्होंने उसे कवर कर लिया, अगले दिन से ही वह चलने लगीथी, आज उनकी मां 83 वर्ष की हैं जो पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत सौंदर्य प्रदर्शनी 5 को



**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत सौंदर्य प्रदर्शनी 5 नवंबर बुधवार को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 12×18 आकार की 5-5 फोटो जमा कर सकते हैं। निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कारों की घोषणा नवंबर माह के अंत में की जाएगी। प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000 एवं 11 सांत्वना पुरस्कार 1,000 रूपये रखे गए हैं। इसके साथ ही परिक्रमा की सफलता के लिए कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को 1100 हनुमान जी के नाम हवन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार का चौथा मंगलवार जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक, गोल बाजार गौशाला में संपन्न हुआ। संयोजक शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट प्रणव अग्रवाल, सीए मुकुल यादव और शेरू ने उपस्थित होने की अपील की।

# निगम की आय बढ़ाने निगमायुक्त का फोकस

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संभागवार निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा प्रतिदिन स्वयं निगमायुक्त कर रहे हैं। मंगलवार को भी निगमायुक्त श्री अहिरवार के द्वारा मानस भवन में राजस्व विभाग अधिकारियों के साथ बैठक की और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम की आय बढ़ाने पर सभी लोग विशेष ध्यान दें। उन्होंने समीक्षा बैठक में राजस्व निरीक्षकों, करसंग्रहिताओं एवं नोटिस सर्वर को कड़े लहजे में कहा कि वसूली के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त 79 वार्डो से कम से कम 25 हजार प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड से चाहिये, इससे कम राशि होने पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें एवं प्रत्येक वार्ड से कर संग्रहिता वार्ड में जाकर कम से कम 200 करदाताओं से सम्पर्क करें तथा 50 से कम रसीदें न जारी करें। निगमायुक्त ने पूर्व में प्रत्येक कर संग्रहिताओं को 5 सौ वर्गफुट से 5 हजार वर्गफुट की सूची दी गई थी, इन भवनों की जाँच की जा रही है तथा भिन्नता पाए जाने पर डिमांड अपडेट कर उन पर 5 गुना पेनाल्टी लगा कर सख्ती से वसूली की कार्रवाई करने निगमायुक्त ने निर्देशित किया। निगमायुक्त ने बताया कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि करदाताओं द्वारा चेक बाउंस होने बाद राशि जमा नहीं की जाती है, ऐसे करदाताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने 1 लाख से 5 लाख के बड़े बकायादारों से वसूली हेतु सभी 16 संभागों में 3 सहायक आयुक्तों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बड़े व्यावयायिक कॉम्पलेक्स, सरकारी भवनों से सख्ती से कार्यवाही कर वसूली करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, राजस्व अधीक्षक इन्द्र कुमार वर्मा, समस्त राजस्व निरीक्षक, करसंग्रहिता, नोटिस सर्वर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव का मंगलवार को डुमना विमानतल पहुंचने पर किसान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आज पनागर में होने वाले किसान आंदोलन में सहभागिता करेंगे। स्वागत के बाद श्री यादव ने संगठन की गतिविधियों और आने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव किशन पटेल, प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, जिलाअध्यक्ष रामराज पटेल खजरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ संतोष पटेल, नवीन पटेल, लकी पटेल, राजा पटेल शुभम पटेल, सहित बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### एबीवीपी की विजयनगर व दीनदयाल नगर की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जबलपुर महानगर उत्तर भाग के अंतर्गत विजयनगर एवं दीनदयाल नगर की नगर कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। दीनदयाल नगर कार्यकारिणी में नितिन शुक्ला को नगर अध्यक्ष एवं सूर्याशु ठाकुर को नगर मंत्री नियुक्त किया गया, जबकि विजयनगर में विकास पाण्डेय नगर अध्यक्ष और श्रेयांश पाण्डेय नगर मंत्री बनाए गए। मुख्य वक्ता माखन शर्मा ने कहा कि परिषद कार्यकर्ता समाज व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प लेकर कार्य करता है। वहीं, सतीश गुप्ता ने कहा कि एबीवीपी में दायित्व सेवा और समर्पण का अवसर होता है। कार्यक्रम में नवदायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मार्गदर्शन व शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री माखन शर्मा, महानगर संगठन मंत्री सतीश गुप्ता, महानगर मंत्री आर्यन पुंज तथा जिला संयोजक भास्कर पटेल उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

नवभारत,जबलपुर। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में 27 से 02 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 30 अक्टूबर 2023 को राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलायी गई और सभी को अपना काम पूरी ईमानदारी से करने का आव्हान किया गया। उन्होंने कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि सभी सत्यनिष्ठा और लगन से नियमों का पालन करते हुए अपनी सीट का कार्य पूर्ण ईमानदारी से करें। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में सतकर्ता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों यथा चित्रकला-पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं विडियो-रील प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# ओशो अमृतधाम आश्रम की गोल्डन जुबली में बरसेगा ध्यानामृत

▶ देश-विदेश के ध्यान मनीषियों और साधकों का होगा संगम



**नवभारत,जबलपुर।** देवताल स्थित ओशो अमृतधाम आश्रम अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य गोल्डन जुबली समारोह मनाएगा। यह आश्रम पूना के बाद देश का पहला ओशो आश्रम है जो स्वर्ण जयंती मना रहा है। आश्रम के संचालक स्वामी आनंद विजय, मां निशा भारती और स्वामी आनंद संतोष ने बताया कि 31 अक्टूबर 2025 से 22 मार्च 2026 तक चलने वाले इस समारोह में देश-विदेश से हजारों साधक भाग लेंगे। साधकों को ओशो से जुड़े प्रमुख स्थलों जैसे योगेश भवन, भेड़ाघाट, महाकोशल कॉलेज और ओशो की जन्मस्थली कुचवाड़ा (गाडरवारा) का दर्शन भी कराया जाएगा। समारोह में मुरारी बापू (गुजरात), स्वामी पूर्णानंदजी (इंदौर), स्वामी शैलेन्द्र सरस्वतीजी, स्वामी अशोक भारतीजी, स्वामी अविनाश भारतीजी, मां ध्यान आभाजी, स्वामी समदर्शी आनंदजी (ऋषिकेश) सहित देश-विदेश के अनेक प्रसिद्ध आध्यात्म मनीषी व कलाकार भाग लेंगे ।समारोह के दौरान ध्यानोत्सव, संगीत निशा, नृत्योत्सव, आध्यात्मिक गोष्ठियां और गहरे ध्यान सत्र जैसे आर्ट ऑफ सुपर कॉन्शियसनेस, सुषुप्ति से तुरिया की ओर और इश्क-ए-हकीकी आयोजित होंगे।



## धर्मशाला के कमरों का लोकार्पण

**नवभारत, जबलपुर।** श्री पिसनहारी तीर्थ में जिणोउद्धरित सर्वसुविधायुक्त कमरों का लोकार्पण पिसनहारी ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी से सिंघई निर्मलचंद एवं समाज श्रेष्ठी प्रदीप जैन छोटे भैया एवं मद्दू, जम्बू, विनय जैन के द्वारा किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि पिसनहारी ट्रस्ट समयानुसार, सर्वधर्म के तीर्थयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था में निरंतर परिवर्तन कर सुविधायुक्त आवास देने कृतसंकल्पित हैं, इसी क्रम में धर्मशाला में यात्रियों के लिए लिफ्ट एवं सु-स्वादिष्ट भोजन हेतु दाई की रसोई व्यवस्था भी शीघ्र ही शुरु हो रही हैं। इस अवसर पर

# सीनियर सिटीजन ने दी गीतों की शानदार प्रस्तुति

▶ सैमसीनियर सिटीजन क्लब ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**नवभारत, जबलपुर।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा शर्मा, राजेश राजेश पाठक प्रवीण, संदीप जैन थे। समारोह में बालू मैथ्यूज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीरज शुक्ला, डॉ लियाको, रश्मि श्रीवास्तव, जसबीर चोपड़ा आदि ने गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन जादूगर एस के निगम ने किया। इस अवसर पर प्रख्यात गायिका इशिता विश्वकर्मा ने मुंबई से लाईव गायन मेरी आवाज ही पहचान है..प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी सदस्य बच्चन श्रीवास्तव का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। आभार प्रदर्शन प्रभा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में अलका वर्मा, लकी राजपूत, आरती जायसवाल, निर्मला श्रीवास्तक की भी सक्रिय भूमिका रही।

खेलकूद

राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद का भव्य शुभारंभ

# खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि व्यक्तित्व का भी विकास होता है

**नवभारत,जबलपुर।** - शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह थे, जबकि विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया और नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई, उसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बैंड दल की मधुर ध्वनि ने कार्यक्रम का आकर्षक रूप प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राकेश सिंह ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि व्यक्तित्व का भी विकास होता है। यह आत्मबल बढ़ाने, अनुशासन सिखाने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक होता है। खेलों का उद्देश्य केवल मेडल या प्रमाण पत्र नहीं बल्कि खेल भावना और पूरी लगन से सहभागिता करना है।





## 10 संभागों से 1050 विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

प्रतियोगिता में 10 संभागों से 1050 बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग), रोप स्कीपिंग (14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) और खो-खो (19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) के मुकाबले 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

## ये रहे उपस्थित

आयोजन की व्यवस्थाओं में परिवहन, आवास, भोजन और कंट्रोल रूम की सुविधा सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम स्थल पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचानालय अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।